# पूर्वांचल एक्सप्रेसवे जल्द जनता को समर्पित किया जाएगा: योगी

लखनऊ | विशेष संवाददाता

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे जल्द जनता को समर्पित किया जाएगा। इसका निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। वहीं गंगा एक्सप्रेस-वे के निर्माण के लिए टेंडर निकालने का अगले महीने तक पूरा कर लिया जाए ताकि जल्द निर्माण एजेंसियों का चयन हो सके।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को टीम-9 के साथ बैठक में विकास परियोजनाओं में तेजी लाने का खास तौर पर निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि देश के सबसे लंबे एक्सप्रेस-वे 'गंगा एक्सप्रेस-वे निर्माण के लिए लगभग 60 फीसदी भूमि अधिग्रहीत की जा चुकी है। भूमि अधिग्रहण का कार्य और तेज किया जाए। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का काम भी तेजी से चल रहा है। सीएम ने कहा कि कोरोना कर्फ्यू से जुड़े नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाए।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को उप्र0राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की कोविड-19 पर केन्द्रित ई-पुस्तक का वर्चुअल माध्यम से विमोचन किया ।

## टेस्टिंग लैब के लिए कोविड केयर फंड में 400 करोड़

**राज्य मुख्यालय।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की कोविड-19 पर केन्द्रित ई-पुस्तक का वर्चुअल माध्यम से विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष और उच्च न्यायालय इलाहाबाद के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय यादव एवं प्राधिकरण के सदस्य सचिव अशोक कुमार ई-पुस्तक लाने के लिए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने कोविड केयर फण्ड बनाया। इसमें सरकार के मंत्रियों, विधायकों, सांसदों व समाज के विभिन्न लोगों ने सहयोग किया। इससे लगभग 400 करोड़ रुपये मिले। इसका सदुपयोग नई टेस्टिंग लैब स्थापित करने में किया गया।